www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

मौसम

अधिकतम तापमान 34.c

25.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 88.410g

चांदी 91.500 kg

2 अनेक संदेशों वाला महाकुंभ, संस्कृति से लेकर आर्थिकी तक की दिखी झलक

पार्टी में तमंचे से फायरिंग करने वाला गिरफ्तार 04

वर्ष :08 अंक :241 मुंबई ,शनिवार , 22 फरवरी , 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## प्रतिबंधित ई-सिगरेट बेच रहे दो नाबालिग लड़के हिरासत में लिए गए

नयी दिल्ली। इंदौर में पुलिस ने प्रतिबंधित ई-सिगरेट बेचने के आरोप में दो नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आनंद यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शहर के लोहा मंडी पुल पर दो नाबालिग लड़कों को रोका गया और तलाशी पर उनके कब्जे से आठ ई-सिगरेट बरामद की गईं। यादव ने बताया कि इन लड़कों की उम्र 16 साल के आस-पास है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के मुताबिक पूछताछ पर लड़कों ने बताया कि उन्होंने ये ई-सिगरेट पान की एक दुकान के मालिक अमन नवाज से खरीदी थीं।

## जेल में बंद गैंगस्टर की पत्नी मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में जेल में बंद गैंगस्टर हाशिम बाबा की पत्नी को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाबा की 33 वर्षीय पत्नी जोया को 225 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि उसे एक गुप्त सूचना मिली थी कि जोया नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त है, जिसके बाद उसने उसके खिलाफ और सबूत जुटाए। पुलिस के अनुसार बुधवार को उसे एक अज्ञात व्यक्ति को मादक पदार्थ पहुंचाये जाने के बारे में सूचना मिली तब उसने जोया को पकड़ा। जोया का पति पिछले साल से दक्षिण दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में एक जिम मालिक की हत्या में कथित भूमिका के लिए जेल में बंद है।

# विकसित भारत के लिए हर क्षेत्र में सर्वोत्तम नेतृत्व जरूरी : पीएम मोदी

## सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

उन्होंने कहा, स्वतंत्रता के लिए हमारी लड़ाई से बेहतर साझा उद्देश्य का कोई उदाहरण नहीं हो सकता आज, हमें स्वतंत्रता की भावना को पुनर्जीवित करना होगा और इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना होगा यदि आप स्वयं को विकसित करते हैं, तो आप व्यक्तिगत सफलता का अनुभव कर सकते हैं।




“भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है प्रधानमंत्री ने कहा- भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है, और यह गति हर क्षेत्र में तेज हो रही है। इस वृद्धि को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए हमें विश्व स्तरीय नेताओं की आवश्यकता है। (सोल संस्थाएं इस परिवर्तन में एक गेम-चेंजर हो सकती हैं। इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय संस्थान सिर्फ एक विकल्प नहीं हैं, बल्कि एक जरूरत हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी की स्पीच की खास बातें**

- हमें हर मोर्चे पर बेहतर नेतृत्व की जरूरत पीएम ने कहा- आज हर भारतीय 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए दिन-रात काम कर रहा है। ऐसे 140 करोड़ देश में हर सेक्टर में, हर कार्यक्षेत्र में, जीवन के हर आधार में हमें उत्तम से उत्तम नेतृत्व की आवश्यकता है।
- नवाचार बढ़ाने वाले संसाधनों की आवश्यकता उन्होंने कहा- किसी भी देश को प्रगति करने के लिए न केवल प्राकृतिक संसाधनों की आवश्यकता होती है, बल्कि मानव संसाधनों की भी आवश्यकता होती है।

एजेंसी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि 21वीं सदी के विकसित भारत के लिए देश के हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में दिन-रात काम करने उत्तम से उत्तम नेतृत्व की जरूरत है जो वैश्विक सोच और स्थानीय विकास के विचार पर चले। श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (सोल) लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। उनके साथ भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी मौजूद थे। मोदी ने अपने संबोधन में कहा, कुछ आयोजन ऐसे होते हैं, तो हृदय के बहुत करीब होते हैं और आज का ये कार्यक्रम सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव भी ऐसा ही आयोजन है। राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण। उन्होंने कहा कि यदि जन से जगत तक किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करना है, तो आरंभ जन से ही शुरू होता है।

# नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ के वीडियो हटाने के निर्देश

## रेलवे ने ,एक्स को नोटिस जारी कर 288 लिंक हटाने को कहा; 18 लोगों की मौत हुई थी

“यूट्यूब और इंस्टाग्राम को भेजे गए नोटिस में भ्रामक और संवेदनशील-भड़काऊ जानकारी वाले कंटेंट को लेकर सख्ती दिखाई गई थी।



एजेंसी

नई दिल्ली ,नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में अब तक जांच रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन रेलवे ने एक फरमान जरूर जारी किया है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नोटिस जारी कर 288 वीडियोज लिंक हटाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने 17 फरवरी को यह नोटिस भेजा था और को 36 घंटे में घटना से जुडे.सभी वीडियो लिंक हटाने का निर्देश दिया था।मंत्रालय के नोटिस में कहा गया कि यह नैतिकता के साथ के कंटेंट पॉलिसी के भी खिलाफ है। इस तरह के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर होने से कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती है। अभी ट्रेनों में भारी भीड़ है, इसे देखते हुए रेलवे का ऑपरेशन भी प्रभावित हो सकता है। दिसंबर में वीडियो हटवाने का अधिकार मिला दिसंबर में प्रत्यक्ष रूप से वीडियो हटाने का अधिकार मिलने के बाद कंटेंट को लेकर यह मंत्रालय की पहली बड़ी कार्रवाई है। हालांकि इस तरह का यह दूसरा मामला है। इससे पहले जनवरी में ही यूट्यूब और इंस्टाग्राम को भेजे गए नोटिस में भ्रामक और संवेदनशील-भड़काऊ जानकारी वाले कंटेंट को लेकर सख्ती दिखाई गई थी। इसमें मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से कहा गया था कि आपके ऐसा न करने से कानून और व्यवस्था की स्थिति पैदा हो सकती थी। नोटिस में एक यूट्यूब वीडियो, एक इंस्टाग्राम पोस्ट और दो इंस्टाग्राम रील को लिस्ट किया गया था। हालांकि यह स्पष्ट नहीं था कि यह नोटिस किसी विशिष्ट घटना से संबंधित था या नहीं रेलवे ने एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर को दिए अधिकार 24 दिसंबर को रेल मंत्रालय ने अपने एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, इन्फॉर्मेशन एंड पब्लिसिटी (रेलवे बोर्ड) को एक्ट के 79(3)(बी) के तहत एक अधिकार दिया।

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से की मुलाकात

“मीडिया से बात करते हुए दिल्ली के नए सीएम ने कहा कि कल कैबिनेट बैठक में हमने आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दे दी, जिसे आप ने रोक दिया था। योजना जल्द ही सार्वजनिक डोमेन में होगी। आज, हमने कैबिनेट के साथ बैठक के लिए पीडब्ल्यूडी और जल बोर्ड के अधिकारियों को बुलाया है।

**विकास यात्रा में आपका मार्गदर्शन सदैव मिलता रहेगा**



एजेंसी

नई दिल्ली: दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की. उसके बाद उन्होंने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ से भी मुलाकात की. रेखा गुप्ता दोपहर 12:30 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने राष्ट्रपति भवन पहुंची. इस दौरान उन्होंने गुलदस्ता देकर राष्ट्रपति मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की. इसके अलावा, शाम को मुख्यमंत्री का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात का कार्यक्रम है. वहीं, आज वो अपने मंत्रियों के साथ दिल्ली सचिवालय में भी एक बैठक रखी हैं. बता दें कि इससे पहले गुरुवार को शपथ ग्रहण के बाद दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सचिवालय पहुंचकर अपना कार्यभार संभाल लिया था. साथ ही शाम को छह बजे वह वासुदेव घाट पर अपनी पूरी कैबिनेट के साथ यमुना आरती करने भी पहुंची थी. उसके बाद शाम को 7 बजे उन्होंने अपनी कैबिनेट की पहली बैठक भी की थी. पहली बैठक में ही उन्होंने चुनाव के समय भाजपा के संकल्प पत्र के दो वादों को पूरा करना सुनिश्चित किया था. भाजपा ने ये दो वादा किया पूरा: पहला वादा दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने का प्रस्ताव पारित करना और दूसरा दिल्ली सरकार में विधानसभा में पेश नहीं की गई 14 कैग रिपोर्ट को भी विधानसभा में पेश करने का प्रस्ताव पारित करना शामिल रहा।

# उत्तर प्रदेश 2029 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा: सीएम योगी

## यूपी की ग्रोथ रेट आज देश में सबसे बेहतर है, तेजी से हो रहा विकास : सीएम योगी

विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन प्रश्नकाल के दौरान सीएम योगी ने दिए सवालों के जवाब. सपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाया, आज उनको विकास पंसद नहीं आ रहा- योगी. जिनका अपना पर्सनल एजेंडा होता है,वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानेंगे- मुख्यमंत्री. 8 वर्ष में हमारी सरकार ने 6 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर उठाया- सीएम योगी. उत्तर प्रदेश के इस पोटेंशियल को जिसको देश और दुनिया आज देख रही है- योगी

- महाकुम्भ का आयोजन यूपी की इकोनामी 3 लाख करोड़ की वृद्धि करेगा- योगी
- उत्तर प्रदेश में आज सबसे अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित- सीएम योगी



एजेंसी

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन प्रश्नकाल के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये थी, जो इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार 2029 तक उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं, भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है। हो सकता है कि कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा हो क्योंकि जिनका अपना पर्सनल एजेंडा होता है, वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानेंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है और 2027 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

# कच्छ में भीषण हादसा, बस-ट्रक की टक्कर में 5 की मौत, 20 घायल

**गुजरात के कच्छ में हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई. वहीं 20 लोग घायल हो गए**



एजेंसी

कच्छ : गुजरात के कच्छ में शुक्रवार को भीषण हादसा हो गया. बस और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत हो जाने से मौके पर ही 5 लोगों की मौत हो गई और करीब 20 अन्य लोग घायल हो गए. घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हादसा कच्छ के केरा मुंद्रा रोह के समीप हुआ. बताया जाता है कि बस में 40 यात्री सवार थे. भिड़ंत इतनी तेज हुई कि बस के आगे का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. दुर्घटना में करीब 20 लोग घायल हो गए हैं. सभी घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायलों में कई की स्थिति गंभीर है.हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंच जाने के साथ ही बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।

# महाकुंभ में नहाती महिलाओं के वीडियो बनाकर बेचे

## 60-70 अस्पतालों के स्त्री रोग विशेषज्ञों के सीसीटीवी हैक किए; प्रयागराज के यूट्यूबर सहित 3 अरेस्ट

“पुलिस ने 113 लोगों को चिन्हित किया है। 13 एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द ही कर ली जाएगी। जल्द ही इस पूरे रैकेट का पर्दाफाश किया जाएगा। पुलिस इस रैकेट से जुड़े हर शख्स को चिन्हित कर रही है, जिससे इसका खुलासा हो सके।



एजेंसी

प्रयागराज में करोड़ों लोग आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं और इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं। लेकिन सनातन के इस सबसे बड़े मेले में बड़ी साजिश रची गई। जिसमें महिलाओं के स्नान करते वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए हैं और बकायदा रकम इसके लिए लगाई गई है। इस मामले में पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने 113 लोगों को चिन्हित किया है। 13 एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द ही कर ली जाएगी। जल्द ही इस पूरे रैकेट का पदार्फाश किया जाएगा। पुलिस इस रैकेट से जुड़े हर शख्स को चिन्हित कर रही है, जिससे इसका खुलासा हो सके। आपको बता दें कि कथित तौर पर धार्मिक सभा में रिकॉर्ड की गई आपत्तिजनक सामग्री फेसबुक, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम जैसे प्लेटफार्मों पर प्रसारित हो रही है। इनमें से कुछ वीडियो, जिनमें महिलाएं खुद को तौलिए से ढकती या कपड़े बदलती दिखाई देती हैं। ऐसे वीडियो का उपयोग टीजर के रूप में किया जा रहा है। रिपोर्टों से पता चलता है कि इन वीडियो तक पहुंच 1,999 से 3,000 तक की राशि में बेची जा रही है। इंडिया टुडे के अनुसार, अश्लील सामग्री को बढ़ावा देने वाले कुछ फेसबुक पेजों ने इन क्लिपों को 'महाकुंभ गंगा स्नान प्रयागराज' जैसे कैप्शन और #महाकुंभ2025, #गंगास्नान और #प्रयागराजकुंभ जैसे हैशटैग के साथ शेयर किया है।

# मेरे कार्यकाल में केरल में तीन लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं पूरी होंगी:गडकरी

- गडकरी ने केरल निवेश वैश्विक शिखर सम्मेलन (आईकेजीएस) को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि सड़क क्षेत्र राज्य के लिए महत्वपूर्ण है और इसमें पर्यटन की वृद्धि की संभावना का भी उल्लेख किया।




एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान केरल में तीन लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं पूरी की जाएंगी, जिनमें 50,000 करोड़ रुपये की आगामी परियोजनाएं भी शामिल हैं। गडकरी ने केरल निवेश वैश्विक शिखर सम्मेलन (आईकेजीएस) को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि सड़क क्षेत्र राज्य के लिए महत्वपूर्ण है और इसमें पर्यटन की वृद्धि की संभावना का भी उल्लेख किया। केरल अपने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पर्याप्त प्रयास कर रहा है। गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने राज्य में 20,000 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं पूरी की हैं और 60,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं जारी हैं।

प्रतिक्रिया

## यूएसएआईडी से जुड़े दावे के बाद भारत ने दी अपनी प्रतिक्रिया

# बेहद परेशान करने वाली बात...

एजेंसी



“जयसवाल ने कहा कि इस घटनाक्रम से भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं। उन्होंने कहा कि इस स्तर पर सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी, इसलिए संबंधित अधिकारी इस पर गौर कर रहे हैं, और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर अपडेट दे सकते हैं।

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस दावे के जवाब में कि बाइडेन प्रशासन ने भारत में किसी और को निर्वाचित कराने के लिए 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रदान किए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि भारत में अमेरिकी फंडिंग के बारे में खुलासे परेशान करने वाले हैं।

जयसवाल ने कहा कि इस घटनाक्रम से भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं। उन्होंने कहा कि इस स्तर पर सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी, इसलिए संबंधित अधिकारी इस पर गौर कर रहे हैं, और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर अपडेट दे सकते हैं। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि भारत-अमेरिका संयुक्त वक्तव्य में उल्लेख किया गया है कि अमेरिकी पक्ष भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जारी करने की अपनी नीति की समीक्षा कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एफ-35 विमान का भी उल्लेख किया था। अभी तक हमारी ओर से पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के लिए कोई औपचारिक अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। ट्रंप ने गुरुवार को मियामी में भारतीय समयानुसार एफआईआई प्राथमिकता शिखर सम्मेलन में बोलते हुए कहा, हमें भारत में मतदान पर 21 मिलियन डॉलर खर्च करने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे किसी और को निर्वाचित करने की कोशिश कर रहे थे।

हमें भारत सरकार को बताना होगा, यह एक बड़ी सफलता है। इससे पहले बुधवार को ट्रंप ने अमेरिकी सरकार के कार्यदक्षता विभाग (डीओजीई) के उस कदम का समर्थन किया था, जिसमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग रद्द करने का फैसला किया गया। ट्रंप ने फ्लोरिडा में अपने मार-ए-लागो निवास पर बोलते हुए टिप्पणी की, हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। वह हमारे हिसाब से दुनिया में सबसे ज्यादा कर लगाने वाले देशों में से एक हैं, हम शायद ही वहां प्रवेश कर पाएं, क्योंकि उनके टैफिक अधिक हैं। मैं भारत और उनके प्रधानमंत्री का बहुत सम्मान करता हूं, लेकिन मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर देना? वो भी भारत में? यहां के मतदान के बारे में क्या?

# अरविंदर सिंह लवली होंगे दिल्ली विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर : विजेंद्र गुप्ता



- रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी की नई मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में छह मंत्रियों ने भी शपथ ली। विजेंद्र गुप्ता के दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष बनने की संभावना है।

एजेंसी


**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक और दिल्ली विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि अरविंदर सिंह लवली सदन में प्रोटेम स्पीकर की भूमिका निभाएंगे। प्रोटेम स्पीकर अस्थायी विधानसभा अध्यक्ष होते हैं, जो पूर्णकालिक अध्यक्ष के चुनाव तक सीमित समय के लिए सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं। गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा, दिल्ली की जनता के जोश और जुनून के अनुरूप कदम दर कदम आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई है, जिसमें आगे की कार्यवाही कैसे आगे बढ़ेगी इस पर कुछ चर्चा हुई है। प्रोटेम स्पीकर के सवाल पर गुप्ता ने कहा कि सदन की कार्यसूची शाम तक जारी कर दी जाएगी और यह भूमिका लवली अदा करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को 26 साल से अधिक समय के बाद दिल्ली में सरकार बनाई। रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी की नई मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में छह मंत्रियों ने भी शपथ ली। विजेंद्र गुप्ता के दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष बनने की संभावना है।

## सम्पादकीय

### एआई के दौर में भाषाई विविधता मिटने का खतरा, मातृभाषा अस्मिता और संस्कृति को गढ़ने का कार्य करती है

इस तकनीक को धारण करने वाले मनुष्य को मनुष्य बना रहना होगा और ऐसा करने में भाषा-साहित्य की इसमें अहम भूमिका होगी। भाषा सिर्फ विचारों को प्रकट करने का तरीका भर नहीं होती है। वह संस्कृति का संवहन भी करती है। ऐसे में स्कूली व्यवस्था को भाषाओं और संस्कृतियों के संरक्षण में विकसित किया जाना चाहिए।21वीं सदी के भारत में बहुभाषिकता एक विशिष्टता है। भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के अंतरराष्ट्रीय उत्सव के रूप में इस बार का मातृभाषा दिवस यूनेस्को का रजत जयंती वर्ष है।इसके पीछे टिकाऊ समाज के निर्माण के लिए विभिन्न भाषाओं के संरक्षण, सहनशीलता और पारस्परिक आदर का संकल्प लिया गया है। अपनी और दूसरों की भाषा को समझना अपनी और दूसरों की संस्कृति को जानने-समझने का मुख्य माध्यम है। भाषा न रहे तो हम अपनी संस्कृति को अगली पीढ़ी तक ठीक से पहुंचाने में चूक जाएंगे।ऐसे में आज विश्व में प्रचलित विभिन्न भाषाओं को सुरक्षित और संवर्धित करना हमारा विशेष दायित्व है।एक विरल नैसर्गिक शक्ति के रूप में भाषा हमें न केवल ज्ञान-सृजन का अवसर देती है, बल्कि उस ज्ञान को संजोने और दूसरों से साझा करना भी संभव बनाती है।प्रकृति भी इसे समर्थन देती है। नवजात शिशु की श्रवण शक्ति अद्भुत होती है।वह स्वाभाविक ध्वनि और शोर में फर्क करने लगता है। छह माह होने के पहले ही बच्चे कई भाषाएं सुनते और समझते रहते हैं। तीन वर्ष की आयु में उनका तीन चार भाषाओं से परिचय होता है। दस वर्ष तक यह प्रक्रिया तेजी से चलती है। भारत के बहुभाषिक परिवेश में आगे बढ़ते हैं। भाषा के सहारे ही हम व्यवहार करते हैं, सोचते हैं, कल्पना करते हैं और उस कल्पना को मूर्त आकार भी देते हैं। आज भारत में लगभग आठ सौ भाषाएं दर्ज हैं। बहुतेरे भारतीय कई भाषाएं बोलते हैं। यह बहुभाषिकता विभिन्न भाषाई समुदायों के बीच न केवल संचार को प्रभावी बनाती है, बल्कि साझा पहचान को सबल करती है। बावजूद इसके विभिन्न भाषाएं अलग-अलग लिपियों का उपयोग करती हैं।इनमें से कई लिपियां एक ही मूल की हैं, जैसे ब्राह्मी लिपि। भाषाओं की बहुलता समृद्धि का स्रोत है, जो हजारों वर्षों के प्रवास, परस्पर क्रिया और विभिन्न समूहों के बीच एकीकरण से पली-बढ़ी है। भाषिक विविधता की दृष्टि से भारत आज विश्व में दूसरे नंबर पर है। भारत के संविधान की वर्तमान व्यवस्था में 22 मुख्य भाषाएं तथा छह क्लासिकल भाषाएं (तमिल, संस्कृत, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और उड़िया) सम्मिलित हैं। देवनागरी में लिखी जाने वाली हिंदी आधिकारिक रूप से राजभाषा है। हालांकि इसके भी अनेक रूप हैं। संविधान में यह विशेष प्रविधान है कि अल्पसंख्यक समुदाय अपनी भाषा लिपि और संस्कृति सुरक्षित रख सकेंगे।

## आज का विचार







**मेष :** आज भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृष :** वृष आज कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**मिथुन :** आज ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**कन्या :** आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**तुला:** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**धनु :** आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है।

**मकर :** आज शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ :** आज आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी।

**मीन :** आज विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# अनेक संदेशों वाला महाकुंभ, संस्कृति से लेकर आर्थिकी तक की दिखी झलक

> भले ही महाकुंभ के दौरान भगदड़ की छिटपुट घटनाएं और जाम की समस्या दिखी मगर जिस तत्परता से उसे नियंत्रित किया गया और स्नान प्रक्रिया को संपन्न कराया जा रहा है वह एक प्रतिमान है। इससे हम वैश्विक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन हेतु तकनीकी प्रशासनिक और प्रबंधकीय परामर्श उपलब्ध कराकर न केवल विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकते हैं वरन विभिन्न देशों से संबंध भी प्रगाढ़ कर सकते हैं।

प्रयागराज में जारी महाकुंभ में 70 से ज्यादा देशों के करोड़ों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह संख्या 50 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। यह संख्या अमेरिका और कनाडा की कुल जनसंख्या से ज्यादा है और अभी शिवरात्रि का स्नान शेष है। विश्व में इतना बड़ा सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजन कभी नहीं हुआ। इसके आयोजन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो समर्पण दिखाया और प्रशासनिक तंत्र, पुलिस, अर्धसैनिक बलों तथा गैर-सरकारी संगठनों के स्वयंसेवकों ने जो मेहनत की, उसकी प्रशंसा होनी चाहिए। ऐसे बड़े आयोजनों में कुछ न कुछ कमियां रह जाती हैं। कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी हुई हैं। उनकी जांच जारी है, लेकिन राजनीतिक दलों को अवांछनीय टिप्पणियों से बचना चाहिए। ऐसा करने से आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों-कार्यकताओं का मनोबल गिरता है। महाकुंभ संपूर्ण मानवता का महामिलन है। यह भारतीय सनातन की अद्भुत विविधता, उसकी सांस्कृतिक समृद्धि और आध्यात्मिक गांभीर्य का जीवंत उदाहरण है। महाकुंभ हिंदू आस्था, हिंदू अस्मिता और हिंदू आत्मगौरव का संकेत है। यह हिंदू समाज की पद्सोपानीय संरचना से उपजे जातीय विभाजन को लांघने की शुरूआत है। यह विविधता में एकता के कथ्य को रेखांकित करता है। यह हिंदू समाज में बढ़ते विखंडन पर विराम की बानगी है। इसके सामाजिक और राजनीतिक




निहितार्थ अवश्य होंगे। महाकुंभ से विपक्ष के वे नैरेटिव भी खारिज हो गए, जो लोकसभा चुनाव में गेम चेंजर बने थे। दिल्ली विधानसभा तथा उत्तर प्रदेश में मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के नतीजे इसके उदाहरण रहे। ये दोनों चुनाव महत्वपूर्ण थे, क्योंकि दिल्ली में भाजपा 27 वर्षों से सत्ता से बाहर थी और मिल्कीपुर अयोध्या से लगे फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आता है। दोनों जगह भाजपा की जीत हुई। मिल्कीपुर की जनता ने सपा-कांग्रेस का वह विमर्श खारिज कर दिया कि अयोध्या के राजा रामलला नहीं, सपा के मौजूदा सांसद अवधेश प्रसाद हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्ली में आप के लिए प्रचार किया, मगर भाजपा संविधान बदल देगी और पिछड़ों दलितों का आरक्षण खत्म कर देगी वाला नैरेटिव यहां नहीं चला। इसी नैरेटिव से सपा ने उत्तर प्रदेश में भाजपा को लोकसभा चुनावों में हराया था। मिल्कीपुर उपचुनाव में भी जनता ने अखिलेश का यह नैरेटिव और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का मिथक तोड़ दिया।यह आश्चर्यजनक था, क्योंकि मिल्कीपुर में 1993 के बाद भाजपा कभी नहीं जीती। इसमें 2017 जरूर एक अपवाद था। मिल्कीपुर में 55 हजार यादव, सवा-लाख दलित और 30 हजार मुस्लिम हैं। इन्हीं वर्गों को पीडीए की आधारशिला बताया जा रहा था। भाजपा ने यहां 60.17 प्रतिशत वोट पाकर पीडीए पर इतराने वाली सपा को हराया। दोनों जगह भाजपा ने पिछड़ों-दलितों के मन में संविधान और आरक्षण पर भ्रामक भय दूर कर उनका विश्वास जीता। यह भाजपा की समावेशी राजनीति का सशक्त संकेत है।महाकुंभ के सफल आयोजन में देश-विदेश से पधारे असंख्य श्रद्धालुओं, अखाड़ों, महामंडलेश्वरों, संत-महात्माओं और आमजन ने जिस अनुशासन का परिचय दिया, वह दुर्लभ है। भले ही लोगों को महाकुंभ पहुंचने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन महाकुंभ परिसर में पहुंच कर लोगों को एक अलौकिक अनुभूति हुई। इस सफल आयोजन के कुछ संकेत हैं। एक, भारत में देशाटन और वैश्विक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। जैसे-जैसे देश में मध्यवर्ग और निम्न मध्यवर्ग में आर्थिक समृद्धि बढ़ रही है, लोगों में धार्मिक सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को देखने की ललक बढ़ रही है। पहले हम अपनी धार्मिक सांस्कृतिक धरोहरों की वैश्विक स्तर पर समुचित मार्केटिंग नहीं कर सके थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह काम किया है। जिस तरह वह विदेश में प्रवासी भारतीयों और विदेशी पर्यटकों को भारत आने का आह्वान करते हैं, उससे देश को लाभ हुआ है। 2023-24 के दौरान भारत में 7 लाख 6 हजार विदेशी पर्यटक आए, जिनसे 19,266 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। 2025 में यह आंकड़ा यकीनन बढ़ेगा और इसमें महाकुंभ का बड़ा योगदान होगा। महाकुंभ में 50 करोड़ की संख्या पर यदि 10 हजार प्रति-व्यक्ति द्वारा औसत व्यय मानें तो इससे अर्थव्यवस्था में पांच लाख करोड़ का योगदान हुआ। इससे स्पष्ट है कि भारत के धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित कर उन्हें आर्थिक विकास के संवाहक के रूप में तराशा जा सकता है। एक जिला, एक-पर्यटन स्थल, एक-उत्पाद या एक-ब्लाक, एक पर्यटन स्थल, एक-उत्पाद जैसी योजनाएं हर गांव और शहर की आर्थिक समृद्धि में क्रांति ला सकती हैं। ऐसा जरूरी है, क्योंकि सरकारों को नौकरियों की कमी से जूझना है। स्वरोजगार ही इसका समाधान है। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की चर्चा होती है। वैश्विक पर्यटन उससे बड़ी अप्रत्यक्ष विदेशी निवेश की संभावनाएं संजोए हुए है। इससे देश में आधारभूत संरचनाएं बढ़ेंगी तथा आर्थिक गतिविधियां और स्वरोजगार भी बढ़ेंगे। भले ही महाकुंभ के दौरान भगदड़ की छिटपुट घटनाएं और जाम की समस्या दिखी, मगर जिस तत्परता से उसे नियंत्रित किया गया और स्नान प्रक्रिया को संपन्न कराया जा रहा है, वह एक प्रतिमान है। इससे हम वैश्विक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन हेतु तकनीकी, प्रशासनिक और प्रबंधकीय परामर्श उपलब्ध कराकर न केवल विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकते हैं, वरन विभिन्न देशों से संबंध भी प्रगाढ़ कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग यही काम कर रहा है। वह फलस्तीन, कैमरून, स्वीडन, इंग्लैंड, बांग्लादेश, फिलीपींस और रूस आदि को चुनावी परामर्श सेवाएं दे रहा है। अफ्रीकी, यूरोपीय देशों में निर्वाचन आयोग की मांग बढ़ी है। इसी प्रकार, भीड़ प्रबंधन आयोग का गठन कर हम धनार्जन के साथ दूसरे देशों की सहायता कर सकते हैं। कुल मिलाकर महाकुंभ से निकले संकेतों में अध्यात्म, संस्कृति, राजनीति, अर्थव्यवस्था और प्रबंधकीय कौशल के महत्वपूर्ण संदेश छिपे हुए हैं।

## राष्ट्रप्रेम सर्वोपरि : राष्ट्रीयता की मूल भावना में शिक्षा का आधार होना चाहिए।



**संजीव ठाकुर**

राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव के साथ प्रस्फुटित होना चाहिए राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं

आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं।

किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है।1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है। देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय ,बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है।वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण ,अनुशासन ,उत्कृष्ट नवाचार ,लोकतांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण मानवता ,पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उत्कर्ष को सही दिशा देने का काम करेंगे। जिससे राष्ट्रीय चरित्र निर्माण तथा राष्ट्रीयता की भावना को एक मजबूत आधार प्राप्त हो सकेगा।

## जलवायु परिवर्तन के कारण पक्षियों की आबादी में गिरावट

**विजय गर्ग**

पक्षी हमारे ग्रह के सबसे कोमल और सुंदर जीवों में से एक हैं। ये न केवल हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं, बल्कि मानव जीवन और संस्कृति में भी उनका विशेष स्थान है। भारत में तो पक्षियों को धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पारिस्थितिकी दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण माना जाता है। सुंदर पंख और मधुर आवाज वाले खूबसूरत पक्षियों को देखने का एक अलग ही आनंद होता है, जो हमें प्रकृति के अप्रतिम सौंदर्य का अनुभव कराता है। फूलों के चारों ओर भिनभिनाने वाले 'हमिंग बर्ड' से लेकर हवा में हजारों फुट की ऊंचाई पर उड़ने वाले चील तक, हर पक्षी विलक्षण प्रतीत होता है, जो रेगिस्तान से लेकर वर्षा वन तक के विशाल वातावरण में स्वयं को ढाल लेते हैं और जीवित रहने की असाधारण क्षमता दिखाते हैं। कुछ पक्षी सालभर में हजारों मील की तय करते हैं, तो कुछ जटिल घोंसले बनाते हैं और कुछ भोजन खोजने के लिए रचनात्मक रणनीतियां बनाते हैं। पक्षियों की यह अविश्वसनीय विविधता और अनुकूलनशीलता हमें पृथ्वी पर जीवन की विशाल समृद्धि की याद दिलाती है।पक्षी खाद्य श्रृंखला का अहम हिस्सा हैं, जो प्राकृतिक कीटनाशक के रूप में कार्य करते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभाते।वे परागण और बीज फैलाने में अहम भूमिका अदा करते जिससे जैव विविधता बनी रहती है। विभिन्न प्रकार के पक्षी विभिन्न प्रकार के आवास में रहते हैं और वे पारिस्थितिकी तंत्र को समृद्ध बनाते हैं। पक्षियों को प्रायः 'बायोइंडिकेटर' के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका अर्थ है कि उनका स्वास्थ्य और उनकी जनसंख्या पर्यावरण की स्थिति दशार्ती है। पक्षी प्रजातियों में गिरावट प्रायः संकेत देती है कि प्रदूषण, आवास की कमी अथवा जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों के कारण पारिस्थितिकी तंत्र तनाव में है दुनियाभर में पक्षियों की कई प्रजातियों की आबादी में तेजी से गिरावट आ रही है। नतीजतन, हमारे आसपास की दुनिया शांत होती जा रही है। प्रकृति में अजीब-सा सन्नाटा छा है।

विश्व में पक्षियों की दस हजार से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से भारत में ही पक्षियों की तेरह सौ से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। चिंता का कारण यह है कि वनों के कटाव, शहरीकरण और कृषि विस्तार के कारण पक्षियों के प्राकृतिक आवास तेजी से नष्ट। इसके अलावा जलाशयों तथा 'वेटलैंड्स' (आर्द्रभूमि) के सूखने से जलपक्षियों की संख्या में भी भारी गिरावट आई है। शहरीकरण, औद्योगिक विकास और कृषि विस्तार के कारण जंगल, आर्द्रभूमि, घास के मैदान तथा अन्य प्राकृतिक आवास शहरों, सड़कों और कृषि भूमि में तब्दील हो रहे हैं। जैसे-जैसे पक्षियों के प्राकृतिक आवास सिकुड़ते जाते हैं, पक्षी आवश्यक घोंसले बनाने के स्थान, भोजन स्रोत और प्रवास गलियारे खो देते हैं, जिससे उनकी जनसंख्या में गिरावट आती है।जलवायु परिवर्तन के कारण भी पक्षियों के प्रजनन और खाद्य उपलब्धता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वायु और जल प्रदूषण पक्षियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। बढ़ता तापमान, समुद्र के जलस्तर में वृद्धि और चरम मौसमी घटनाएं भी पक्षियों के जीवन चक्र को प्रभावित कर रही हैं। कई पक्षियों का अवैध शिकार भी उनकी प्रजातियों को संकटग्रस्त प्रजाति में परिवर्तित कर रहा है। कुछ पक्षियों का शिकार उनके चमकीले पंखों अथवा शरीर के अन्य अंगों के लिए किया जाता है, जिससे उनकी आबादी में घटती जाती है। पक्षियों की कई प्रजातियां मानव स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जैसे परागण में मदद करने वाली मधुमक्खियां इन प्रजातियों के विलुप्त होने से मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। *

# विकिपीडिया के 4 संपादकों के खिलाफ मुकदमा, महाराष्ट्र पुलिस ने संभाजी महाराज पर आपत्तिजनक सामग्री न हटाने पर लिया एक्शन

- महाराष्ट्र साइबर सेल ने विकिपीडिया के कम से कम चार संपादकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ये संपादक छत्रपति संभाजी महाराज पर आपत्तिजनक सामग्री को नहीं हटा रहे थे। कंपनी को 10 से ज्यादा ईमेल और नोटिस भेजे गए, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। संभाजी महाराज, मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे थे।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने छत्रपति संभाजी महाराज पर आपत्तिजनक सामग्री नहीं हटाने के आरोप में विकिपीडिया के कम से कम चार संपादकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नोडल एजेंसी ने कैलिफोर्निया स्थित विकिमीडिया फाउंडेशन को नोटिस भेजकर विकिपीडिया से सामग्री हटाने का अनुरोध किया था। विकिमीडिया फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन है जो विकिपीडिया संचालित करता है।महाराष्ट्र साइबर एजेंसी ने नोटिस में यह भी जिक्र किया था कि विकिपीडिया की सामग्री गलत है और इससे राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, क्योंकि मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी महाराज भारत में पूजनीय हैं। नोटिस में कहा गया था कि विकिपीडिया पर पोस्ट की गई जानकारी से उनके अनुयायियों में भी असंतोष पैदा हो सकता है।विकिपीडिया के कम से कम चार संपादकों के खिलाफ मामला दर्ज उन्होंने बताया कि सामग्री हटाने के बारे में विकिमीडिया की ओर से कोई जवाब नहीं मिलने पर महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने आईटी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत विकिपीडिया के कम से कम चार संपादकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# मुझे हल्के में मत लो, तांगा पलट देंगे', एकनाथ शिंदे ने बता दिया किसके लिए था इशारा

> महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुझे हल्के में मत लीजिए, जिन्होंने मुझे हल्के में लिया है, उनसे मैं पहले ही कह चुका हूं। मैं एक सामान्य पार्टी कार्यकर्ता हूं, लेकिन मैं बाला साहेब का कार्यकर्ता हूं और सभी को मेरी बात को इसी समझ से लेना चाहिए।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

- एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे को दी चेतावनी
- तांगा पलटने की बात फिर से की शिंदे ने
- 232 सीटों की भविष्यवाणी का किया जिक्र

मुंबईः मुझे हल्के में मत लो, तांगा पलट देंगे...महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने एक बार फिर अपने बयान को दोहराया है। शुक्रवार को उन्हें जब इस बारे में पूछा गया कि यह इशारा किसके लिए था तो उन्होंने ऐसा जवाब दिया कि जिसमें उद्धव ठाकरे और देवेंद्र फडणवीस दोनों के लिए चेतावनी नजर आई। उन्होंने कहा कि यह इशारा किसके लिए था, जिसे समझना था और वह समझ भी गए। हालांकि अपने बयान में उन्होंने उद्धव ठाकरे गुट की ओर से महादजी सिंधिया अवॉर्ड को लेकर किए गए कमेंट का जिक्र किया, मगर यह इशारा एकतरफा नहीं था।

## कई मोर्चों पर अभियान छेड़ा

दरअसल एकनाथ शिंदे महायुति की सरकार बनने के बाद ही कई मोर्चों पर अभियान छेड़ रखा है। एक तरफ उन्होंने उद्धव गुट में सेंध लगाने के लिए ऑपरेशन टाइगर की खुली घोषणा कर रखी है तो दूसरी तरफ आए दिन गठबंधन में उनकी नाराजगी की खबरें भी आती हैं। पिछले दिनों में भी वह सरकारी बैठकों और कार्यक्रमों से दूर ही रहे।

## 'मुझे हल्के में मत लीजिए'

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह मैंने पहले ही कहा है कि मुझे हल्के में मत लीजिए। मैं एक सामान्य पार्टी कार्यकर्ता हूं, मैं बाला साहेब और दीघे साहब का कार्यकर्ता हूं। सभी को मेरी बात इसी समझ से लेनी चाहिए। जब 2022 में मुझे हल्के में लिया तो तांगा पलट गया और मैंने सरकार बदल दी। इसके बाद हम आम लोगों की इच्छाओं की सरकार लाए। उन्होंने विधानसभा में अपने पहले भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने 200 से ज्यादा सीटें मिलने की भविष्यवाणी की थी और गठबंधन को 232 सीटें आई हैं, इसलिए मुझे हल्के में मत लीजिए। शिंदे ने कहा कि जो लोग इस इशारे को समझना चाहते हैं, वे इसे समझ लें और मैं अपना काम करता रहूंगा।

# पश्चिम रेलवे के सांताक्रुज एवं गोरेगाँव स्टेशनों के बीच रविवार, 23 फरवरी, 2025 को जम्बो ब्लॉक

फास्ट ट्रैक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रैक, सिगनलिंग तथा ओवर हेड उपस्करों के रख-रखाव हेतु रविवार, 23 फरवरी, 2025 को सांताक्रुज एवं गोरेगाँव स्टेशनों के बीच 10.00 बजे से 15.00 बजे तक अप तथा डाउन फास्ट लाइनों पर पाँच घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जायेगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ब्लॉक अवधि के दौरान सभी फास्ट लाइन की उपनगरीय ट्रेनों को गोरेगांव एवं सांताक्रुज स्टेशनों के बीच धीमी लाइन पर चलाया जायेगा। ब्लॉक के दौरान कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी और कुछ अंधेरी एवं बोरीवली ट्रेनों को गोरेगाँव तक हार्बर लाइन पर चलाया जाएगा। इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी सभी स्टेशनों के स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है।

## दि. 22/23.02.2025 (शनिवार/रविवार रात) को अंबरनाथ एवं वांगणी के दरम्यान विशेष यातायात सुविधा और पावर ब्लॉक का परिचालन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल, मुंबई डिवीजन 22/23.02.2025 (शनिवार/रविवार रात) को अंबरनाथ और वांगणी के दरम्यान फुट ओवर ब्रिज के मुख्य गर्डर की लॉन्चिंग के लिए 01:30 बजे से 03:00 बजे तक अंबरनाथ (सभी क्रॉसओवर और साइडिंग को छोड़कर) और वांगणी (सभी क्रॉसओवर को छोड़कर) के बीच अप और डाउन लाइनों पर विशेष यातायात सुविधा और पावर ब्लॉक परिचालित करेगा।

बदलापुर (कल्याण छोर फुट ओवर ब्रिज पर 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज गर्डर (7 नंबर) और बदलापुर- वांगणी फुट ओवर ब्रिज (मध्य खंड) पर 4 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज गर्डर (4 नंबर) लॉन्चिंग के लिए ब्लॉक परिचालित किया जाएगा

ब्लॉक के कारण, ट्रेन नंबर 11020 (भुवनेश्वर - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस कोणार्क एक्सप्रेस) को कर्जत - पनवेल के रास्ते में डायव्हर्ट किया जाएगा और पनवेल में ठहराव दिया जाएगा।

निम्नलिखित उपनगरीय ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेट होंगी

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 00:12 बजे छूटने वाली छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - कर्जत लोकल अंबरनाथ स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी।

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 23:51 बजे छूटने वाली छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - बदलापुर लोकल अंबरनाथ स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी।

परेल से 23:13 बजे छूटने वाली परेल - अंबरनाथ लोकल को बदलापुर स्टेशन तक चलाई जाएगी।

कर्जत - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस लोकल कर्जत से 02:30 बजे छूटने वाली कर्जत के बजाय अंबरनाथ स्टेशन तक चलेगी।

ब्लॉक से पहले कर्जत के लिए आखिरी लोकल - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 23:30 बजे प्रस्थान और कर्जत आगमन 01:49 बजे होगा।

ब्लॉक के बाद छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लिए पहली लोकल - कर्जत से 03:35 बजे प्रस्थान और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस आगमन 05:56 बजे होगा।

यह ब्लॉक्स बुनियादी ढांचे के रखरखाव और सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन के साथ सहयोग करें।

# चर्चगेट और मरीन लाइन्स स्टेशनों के बीच ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, चर्चगेट और मरीन लाइन्स स्टेशनों के बीच वानखेड़े फुट ओवर ब्रिज (उत्तर) के मुख्य गर्डरों को लॉन्च करने के लिए 22/23 फरवरी, 2025 (शनिवार/रविवार) की मध्यरात्रि में 01.15 बजे से 04.15 बजे तक तीन घंटे का एक मेजर ब्लॉक लिया जाएगा। इस कार्य के कारण कुछ मुंबई उपनगरीय ट्रेनें प्रभावित होंगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

## 22/23 फरवरी, 2025 को मुंबई उपनगरीय ट्रेन सेवाओं पर प्रभावः-

निरस्त ट्रेनेंः-

1. 22 फरवरी, 2025 को बोरीवली से 20.50 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 90898 बोरीवली-चर्चगेट लोकल निरस्त रहेगी।
2. 23 फरवरी, 2025 को चर्चगेट से 04.38 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 90019 चर्चगेट-बोरीवली लोकल निरस्त रहेगी।

मुंबई सेंट्रल-चर्चगेट के बीच आंशिक रूप से निरस्त ट्रेनेंः-

1. 23 फरवरी, 2025 को 00.10 बजे बोरीवली से प्रस्थान करने वाली ट्रेन सं. 91014 बोरीवली-चर्चगेट लोकल मुंबई सेंट्रल पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी।
2. 22 फरवरी, 2025 को 23.49 बजे विरार से प्रस्थान करने वाली ट्रेन सं. 91018 विरार- चर्चगेट लोकल मुंबई सेंट्रल पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी।
3. 23 फरवरी, 2025 को 00.30 बजे बोरीवली से प्रस्थान करने वाली ट्रेन सं. 91020 बोरीवली-चर्चगेट लोकल मुंबई सेंट्रल पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी।
4. 23 फरवरी, 2025 को 00.05 बजे विरार से प्रस्थान करने वाली ट्रेन सं. 91024 विरार- चर्चगेट लोकल मुंबई सेंट्रल पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी।
5. ट्रेन संख्या 90011 चर्चगेट-विरार पहली लोकल जो 23 फरवरी, 2025 को 04.15 बजे चर्चगेट से प्रस्थान करेगी, चर्चगेट- मुंबई सेंट्रल के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।
6. ट्रेन संख्या 90015 चर्चगेट-बोरीवली लोकल जो 23 फरवरी, 2025 को 04.18 बजे चर्चगेट से प्रस्थान करेगी, चर्चगेट- मुंबई सेंट्रल के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।
7. ट्रेन संख्या 91012 विरार-चर्चगेट लोकल जो 22 फरवरी, 2025 को 23.30 बजे विरार से प्रस्थान करेगी, निर्धारित समय के अनुसार 01.10 बजे चर्चगेट पहुंचेगी। यह 22 फरवरी, 2025 को विरार से चर्चगेट तक चलने वाली आखिरी लोकल होगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त परिवर्तनों को ध्यान में रखकर यात्रा करें।

# रविवार दि. 23.02.2025 को मध्य रेल के मुंबई डिवीजन पर मेगा ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल, मुंबई डिवीजन 23.02.2025 को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए अपने सब-अर्बन सेक्शन पर मेगा ब्लॉक परिचालित किया जाएगा, जो इस प्रकार हैः

ठाणे एवं कल्याण स्टेशन के दरम्यान अप और डाउन फास्ट लाइन पर सुबह 10.40 बजे से दोपहर 3.40 बजे तक

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई से सुबह 09.34 बजे से दोपहर 03.03 बजे तक प्रस्थान करेन वाली डाउन फास्ट/सेमी-फास्ट लोकल सेवाओं को ठाणे और कल्याण स्टेशन के बीच डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, जो अपने संबंधित हॉल्ट के अलावा कलवा, मुंब्रा और दिवा स्टेशनों पर रुकेंगी और अपने निर्धारित आगमन से 10 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी। कल्याण से सुबह 10.28 बजे से दोपहर 03.40 बजे तक प्रस्थान करने वाली अप फास्ट/सेमी-फास्ट सेवाएं कल्याण एवं ठाणे स्टेशन के दरम्यान अप स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी। ये अपने संबंधित ठहरावों के अलावा दिवा, मुंब्रा और कलवा स्टेशनों पर रुकेंगी और आगे मुलुंड स्टेशन पर अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी। ये ट्रेनें अपने निर्धारित आगमन से 10 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी।

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस/दादर से प्रस्थान करने वाली डाउन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को ठाणे और कल्याण स्टेशन के बीच 5वीं लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा।

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस/दादर पहुंचने वाली




अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को कल्याण और ठाणे/विक्रोली स्टेशनों के बीच 6वीं लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा।

ठाणे और वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच अप और डाउन ट्रांस-हार्बर लाइन सुबह 11.10 बजे से शाम 4.10 बजे तक

पनवेल/नेरुल/वाशी से सुबह 10.25 बजे से शाम 04.09 बजे तक ठाणे की ओर जाने वाली अप ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएँ निलंबित रहेंगी।

ठाणे से सुबह 10.35 बजे से शाम 4.07 बजे तक वाशी/नेरुल/पनवेल की ओर जाने वाली डाउन ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएँ निलंबित रहेंगी।

ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करे।

# वापी और उदवाडा तथा भिलाड और संजान के बीच ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनों को रेगुलेट / रिशेड्युल किया जाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, मौजूदा लेवल क्रॉसिंग के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए कंपोजिट गर्डर लॉन्च करने के लिए सोमवार, 24 फरवरी, 2025 को वापी और उदवाड़ा के बीच तथा मंगलवार, 25 फरवरी, 2025 को भिलाड और संजान के बीच ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक 11:10 बजे से 12:40 बजे तक लगभग 1 घंटे 30 मिनट के लिए अप एवं डाउन लाइन पर होगा, जिसके कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 24 और 25 फरवरी, 2025 को प्रभावित होने वाली ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः-

रेगुलेट / रिशेड्यूल होने वाली ट्रेनेंः-

1. ट्रेन संख्या 20907 दादर-भुज सयाजीनगरी एक्सप्रेस 24 और 25 फरवरी, 2025 को 1 घंटे की देरी से प्रस्थान करेगी।
2. ट्रेन संख्या 19015 दादर-पोरबंदर सौराष्ट्र एक्सप्रेस 24 फरवरी, 2025 को 40 मिनट और 25 फरवरी, 2025 को 30 मिनट रेगुलेट होगी।
3. ट्रेन संख्या 09055 बांद्रा टर्मिनस-उधना स्पेशल 24 फरवरी, 2025 को 25 मिनट और 25 फरवरी, 2025 को 20 मिनट रेगुलेट होगी।
4. ट्रेन संख्या 20908 भुज- दादर सयाजीनगरी एक्सप्रेस 24 और 25 फरवरी, 2025 को 1 घंटा 20 मिनट रेगुलेट होगी।
5. ट्रेन संख्या 12926 अमृतसर-मुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस 24 और 25 फरवरी, 2025 को 1 घंटा रेगुलेट होगी।
6. ट्रेन संख्या 22954 अहमदाबादझमुंबई सेंट्रल गुजरात सुपरफास्ट एक्सप्रेस 24 और 25 फरवरी, 2025 को 30 मिनट रेगुलेट होगी।
7. ट्रेन संख्या 19028 जम्मू तवीझबांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 25 फरवरी, 2025 को 40 मिनट रेगुलेट होगी।
8. ट्रेन संख्या 09154 (वास्तविक संख्या 69154) वलसाडझउमरगाम रोड मेमू स्पेशल 24 और 25 फरवरी, 2025 को 30 मिनट की देरी से रवाना होगी।

# 2 मंत्री और दोनों के सामने इस्तीफे का... अजित पवार के सामने आई चुनौती के बाद कैसे बैकफुट पर महायुति सरकार?

### माणिकराव कोकाटे को 30 साल पुराने मामले में मिली सजा

### धनंजय मुंडे पर हत्या के आरोप, विपक्ष ने की इस्तीफे की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र की महायुति सरकार मुश्किल में घिर गई है। अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो मंत्री विवादों में फंस गए हैं। कृषि मंत्री माणिकराव कोकाट को 30 साल पुराने हाउसिंग फ्रॉड मामले में दोषी पाया गया है। उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई गई है। वहीं धनंजय मुंडे पर भी एक सरपंच की हत्या के मामले में आरोप लगे हैं। यह सब बजट सत्र से ठीक पहले हुआ है। इस बीच विपक्षी महाविकास अघाड़ी ने दोनों मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की है। जो कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के लिए एक बड़ी चुनौती है।माणिकराव कोकाटे-धनंजय मुंडे पर क्या आरोपदरअसल NCP नेता और महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को नासिक जिला और सत्र न्यायालय ने गुरुवार को 30 साल पुराने हाउसिंग फ्रॉड मामले में दोषी ठहराया है। उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इससे उनके मंत्री पद और विधानसभा सदस्यता पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इससे पहले बीड जिले में एक सरपंच की हत्या के मामले में NCP नेता और मंत्री धनंजय मुंडे पर भी आरोप लगे हैं।

# पश्चिम रेलवे ने महाकुंभ मेले के तीर्थयात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाईं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से कुंभ स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से 1.65 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने यात्रा कीमहाकुंभ मेले में आने वाले तीर्थयात्रियों और भक्तों की यात्रा को सुखद और आध्यात्मिक अनुभव बनाने में भारतीय रेल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पश्चिम रेलवे द्वारा कुंभ मेले में जाने वाले तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए मुंबई सेंट्रल, वापी, वलसाड, उधना, वडोदरा, विश्वामित्री, अहमदाबाद, साबरमती, भावनगर, राजकोट, इंदौर आदि जैसे पश्चिम रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से स्पेशल ट्रेनों के 125 फेरे चलाए जा रहे हैं।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कुंभ मेला देश भर से लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है और श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने में पश्चिम रेलवे की स्पेशल ट्रेनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ये स्पेशल ट्रेनें प्रयागराज के साथ-साथ अन्य नजदीकी रेलवे स्टेशनों तक चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर हजारों श्रद्धालु कुंभ मेले तक पहुँच रहे हैं। आज तक पश्चिम रेलवे ने इन कुंभ स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से 1.65 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुँचाया है।श्री विनीत ने बताया कि कुंभ स्पेशल ट्रेनों के 26 फेरे मुंबई सेंट्रल मंडल से, 24 फेरे अहमदाबाद मंडल से, 8 फेरे भावनगर मंडल से, 4 फेरे राजकोट मंडल से, 2 फेरे वडोदरा मंडल से और 6 फेरे रतलाम मंडल से चलाए जा रहे हैं।भारतीय रेल महाकुंभ मेला 2025 में भाग लेने वाले तीर्थयात्रियों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान कर रहा है।रेलवे प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है कि श्रद्धालुओं को कुंभ मेले में आने-जाने के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा मिले।

# पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

## निरस्त होने वाली ट्रेनें:



1. 23, 24 एवं 26 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19045 सूरत-छपरा ताप्ती गंगा एक्सप्रेस
2. 25, 26 एवं 28 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19046 छपरा-सूरत ताप्ती गंगा एक्सप्रेस
3. 25 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 22947 सूरत भागलपुर एक्सप्रेस
4. 27 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 22948 भागलपुरसूरत एक्सप्रेस
5. 25 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 20961 उधनाबनारस एक्सप्रेस
6. 26 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 20962 बनारसउधना एक्सप्रेस
7. 25 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 20903 एकता नगरवाराणसी एक्सप्रेस
8. 27 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 20904 वाराणसीएकता नगर एक्सप्रेस
9. 25 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19489 अहमदाबादगोरखपुर एक्सप्रेस
10. 26 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19490 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस
11. 22 से 26 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19483 अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस
12. 24 से 28 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 19484 बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस
13. 26 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 12947 अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस
14. 28 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 12948 पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस
15. 25 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 12941 भावनगर टर्मिनस-आसनसोल एक्सप्रेस
16. 27 फरवरी, 2025 की ट्रेन ट्रेन संख्या 12942 आसनसोलभावनगर टर्मिनस एक्सप्रेस
17. 24 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 12945 वेरावलबनारस एक्सप्रेस
18. 26 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 12946 बनारसवेरावल एक्सप्रेस
19. 22 एवं 25 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 22911 इंदौरहावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस
20. 24 एवं 27 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 22912 हावड़ाइंदौर शिप्रा एक्सप्रेस

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनेंः

1. 25 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 20933 उधना-दानापुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी - वीरांगना लक्ष्मीबाई-बीना-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-वाराणसी के रास्ते चलाई जाएगी।
2. 26 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 20934 दानापुर-उधना एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई-इटारसी के रास्ते चलाई जाएगी।
3. 26 फरवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 15559 दरभंगा-अहमदाबाद अंत्योदय एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई-बीना चलाई जाएगी।

# मध्य रेल ने महाकुम्भ-2025 के लिए विभिन्न स्टेशनों पर 6500 से अधिक ट्रेनों के ठहराव के साथ श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई से 823 ट्रेन सेवाएं चलाईं, जिनमें लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 708 (08.01.2025 से नियमित और विशेष) शामिल हैं

मध्य रेल ने महाकुम्भ-2025 में जा रहे श्रद्धालुओं के लिए सुगम और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सुनियोजित और व्यापक रेल सेवा नेटवर्क के साथ, लाखों श्रद्धालु दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागमों में से एक में आराम से यात्रा करने में सक्षम हुए हैं।

दि. 8 जनवरी से 20 फरवरी 2025 तक, केवल मुंबई से कुल 823 रेल सेवाएं संचालित की गई हैं, जिसमें लोकमान्य तिलक टर्मिनस (LTT) से 708 रेल सेवाएं और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) से 115 रेल सेवाएं शामिल हैं, जिससे कुम्भ मेला तीर्थयात्रियों की यात्रा सुविधाजनक बनी।मुंबई के अलावा, पुणे क्षेत्र ने भी 6 विशेष रेलगाड़ियों सहित 102 रेल सेवाओं का संचालन करके महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जबकि नागपुर स्टेशन पर 6 विशेष रेलगाड़ियों सहित 225 रेल सेवाओं का संचालन किया गया, जिससे हजारों श्रद्धालुओं को सुविधा मिली।

इसके अतिरिक्त, मध्य रेल के प्रमुख स्टेशनों से



गुजरने वाली कई ट्रेनों में श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय आमद देखी गईः

ठाणे में 383 ट्रेनों को ठहराव
कल्याण में 687 ट्रेनों को ठहराव
भुसावल में 723 ट्रेनों को ठहराव
नासिक में 601 ट्रेनों को ठहराव
मनमाड में 537 ट्रेनों को ठहराव
बैतूल में 138 ट्रेनों को ठहराव

इन बेहतरीन व्यवस्थाओं के साथ, मध्य रेल ने एक बार फिर यात्रियों के लिए निर्बाध और कुशल परिवहन प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि श्रद्धालु महाकुंभ-2025 के दौरान सुगमता और सहजता से पवित्र संगम में स्नान कर सकें।

## यमुना एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड पर खतरनाक स्टंट

नोएडा, ग्रेटर नोएडा में युवाओं द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाह में किए जा रहे खतरनाक स्टंट का एक नया मामला सामने आया है।

**मध्य रेल**

**ई - निविदा सूचना**

**ई-खुली निविदा संख्याः मरेप्रकार्यनागपुर-10-2025 दिनांक 18.02.2025. (1) कार्य का नाम** : एडीईएन आमला उप-मंडल के अंतर्गत आमला-छिंदवाड़ा के बीच रेलवे कॉलोनी और स्टेशन में निजी एजेंसी से वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 हेतु आपातकालीन जल आपूर्ति व्यवस्था हेतु प्रस्ताव। **अनुमानित लागतः** ₹ 46,87,096.50. **बयाना राशिः** ₹ 93,800/-. **(2) कार्य का नाम** : एडीईएन आमला उप-मंडल के अंतर्गत आमला-नरखेर के बीच रेलवे कॉलोनी और स्टेशन में निजी एजेंसी से वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 हेतु आपातकालीन जल आपूर्ति व्यवस्था हेतु प्रस्ताव। **अनुमानित लागतः** ₹ 20,45,459.40. **बयाना राशिः** ₹ 40,900/-. **निविदा बंद होने कि तिथि एवं समयः 12.03.2025 को 15:00 बजे।** ई-टेंडरिंग की विस्तृत जानकारी एवं तथा ऑनलाइन भाग लेने हेतु रेल वेबसाइट सूचना **www.ireps.gov.in** देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य),
मध्य रेल, नागपुर

AK/467

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

# ट्रम्प बोले-बाइडेन भारत में किसी और को जिताना चाहते थे

## इसके लिए 182 करोड़ दिए; विदेश मंत्रालय बोला- ये बात परेशान करने वाली

एजेंसी

न्यूयॉर्क, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भारत के आम चुनाव में दखल देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा- बाइडेन का प्लान भारत में किसी अन्य नेता (नरेंद्र मोदी के अलावा) को चुनाव जिताने का था। उन्होंने कहा कि बाइडेन प्रशासन ने भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 182 करोड़ रुपए का फंड मुहैया कराया। ट्रम्प ने कहा कि ये बड़ा खुलासा है, हम इस बारे में भारत सरकार को बताएंगे। इस मुद्दे पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ये जानकारी काफी परेशान करने वाली है। इससे भारतीय चुनाव में विदेश दखल को लेकर चिंता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे की जांच कर रहे हैं। इस समय इस मामले में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। उम्मीद है जल्द ही हमें इस पर कोई अपडेट मिलेगा। ट्रम्प गुरुवार को अमेरिकी शहर मियामी में सऊदी सरकार की फ्यूचर इंवेस्टमेंट इनिशिएटिव



(एफआईआई) समिट में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, 'यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) ने वोटर टर्नआउट बढ़ाने के नाम पर भारत को 182 करोड़ रुपए का फंड दिया। अमेरिकी चुनाव में रूस ने सिर्फ 2 हजार डॉलर (1.73 लाख रुपए) का इंटरनेट विज्ञापन दिया तो मुद्दा बना था, जबकि अमेरिका भारत को बड़ी रकम दे रहा था।' 1. पैसा कहां से आया अमेरिकी एजेंसी यूएसएआईडी की तरफ से भारत को दिया गया फंड 4000 करोड़ रुपए के अंतरराष्ट्रीय फंड का हिस्सा था। 2. पैसा भारत तक कैसे पहुंचा यह पैसा कंसोर्टियम फॉर इलेक्शंस एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग (सीईपीपीएस) नाम की संस्था को दिया गया था। इस संस्था के तीन एनजीओ, आईएफईएस (चुनाव जागरूकता के लिए), एनडीआई (लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए) व आईआरआई (नागरिक भागीदारी बढ़ाने के लिए) हैं। सीईपीपीएस ने यह पैसा एशिया में काम करने वाले एशियन नेटवर्क फॉर फ्री इलेक्शन नाम के एनजीओ को दिया। वहां से भारत में आईएफईएस को मिला। 3. भारत में पैसा किसे मिला इसके बाद यह पैसा मतदाता जागरूकता से जुड़े एनजीओ, सिविल सोसाइटी समूह, राजनीतिक पार्टियों को दिया गया। इनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। 4. पैसा कैसे खर्च हुआ इन पैसों से इस्तेमाल रैलियां, डोर-टु-डोर कैंपेन और वर्कशॉप चलाए गए। कुछ खास इलाकों में मतदान को बढ़ाने के लिए भी खर्च किया गया। मीडिया प्रचार और केंद्र सरकार के खिलाफ नरेटिव बढ़ाने के लिए प्रचार किया गया। वॉलंटियर्स ट्रेनिंग, रहने-खाने के साथ ट्रैवलिंग खर्च भी दिया गया। कांग्रेस बोली- सरकार यूएसएआईडी पर श्वेत-पत्र लाए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के दावों को बेतुका बताया है।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार पिछले 10 साल के दौरान यूएसएआईडी से भारत के सभी सरकारी और गैर सरकारी संगठनों को मिली सहायता पर श्वेत-पत्र लेकर आए। वहीं, भाजपा आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय ने कहा, ढट मोदी अपनी चुनावी सभाओं में विदेशी दखल के बारे में चेता चुके हैं।

मालवीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन ताकतों के मोहरा हैं। वे अमेरिका-ब्रिटेन में भारत विरोधी दुष्प्रचार में शामिल रहे।

# इजराइल में 3 बसों में बम धमाके:आतंकी हमले का शक

## पार्किंग में खाली खड़ी थी बसें; देश भर में बस और ट्रेन सर्विस रोकी

एजेंसी

तेल अवीव, इजराइल की राजधानी तेल अवीव में गुरुवार देर रात 3 बसों में सिलसिलेवार बम धमाके हुए।। ये बसें बाट याम और होलोन इलाकों की पार्किंग में खाली खड़ी थी। धमाकों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस ने आतंकी हमले की आशंका जताई है। दो अन्य बसों में भी बम मिले हैं। इजराइली पुलिस ने कहा कि कुल पांच बम एक जैसे थे और टाइमर से लैस थे। बम स्क्वॉड ने निष्क्रिय किए गए बमों को सुरक्षित तरीके से हटा दिया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक बम शुक्रवार सुबह धमाके के लिए रखे गए



थे, लेकिन इनके टाइमर गलत तरीके से सेट किए गए थे, जिससे रात में विस्फोट हो गया। धमाकों के बाद नेतन्याहू ने इजराइल डिफेंस फोर्सेस को वेस्ट बैंक में उग्रवादी ठिकानों में बड़े पैमाने पर ऑपरेशन शुरू करने का आदेश दिया है। सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर देशभर में बस और रेल सर्विस को रोक दिया है। तेल अवीव के पुलिस हेड सरगारोफ ने वेस्ट बैंक से आतंकी हमला होने का शक जताया है। सरगारोफ ने बताया कि, एक्सप्लोसिव डिवाइस पर कुछ लिखा हुआ था। हालांकि, इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन पर बदला लेने की धमकी लिखी थी। इजराइली सेना 21 जनवरी से वेस्ट बैंक के उत्तर-पश्चिमी इलाके में आयरन वॉल नाम से एक बड़ा सैन्य अभियान चला रही है। यह ऑपरेशन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण के 1 दिन बाद ही शुरू हो गया था। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में संदिग्ध फिलिस्तीनी उग्रवादियों पर कई छापे मारे हैं। फिलिस्तीनियों की इजराइल में एंट्री भी रोक दी है। वेस्ट बैंक के उत्तरी शहर टुलकारेम के अल-कासिम ब्रिगेड्स ने टेलीग्राम पर पोस्ट किया कि हम अपने शहीदों का बदला लेना कभी नहीं भूलेंगे। जब तक हमारी जमीन पर कब्जा है। हालांकि ग्रुप ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। तेल अवीव में बम विस्फोट गुरुवार को 4 इजराइली बंधकों के शव लौटाने के बाद हुए। इन बंधकों में शिरी बिबास और उनके 2 बच्चे एरियल बिबास और केफिर बिबास शामिल हैं। 7 अक्टूबर 2023 को जब हमास ने इन्हें बंधक बनाया था, तब एरियल की उम्र 4 साल और केफिर की उम्र 9 महीने थे। इन बच्चों के पिता यार्डेन बिबास को इस महीने की शुरूआत में रिहा किया गया था।

# गुजराती काश पटेल अमेरिकी एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर

## सीनेट ने मंजूरी दी; ट्रम्प की पार्टी के दो सांसदों का विरोध में वोट

एजेंसी



वॉशिंगटन, भारतीय मूल के कश्यप काश पटेल, अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआइ) के डायरेक्टर बन गए है। अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को वोटिंग के दौरान उन्हें 51-49 के मामूली बहुमत से पद के लिए चुना गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के अलावा पटेल के विरोध में दो रिपब्लिकन सांसद सुसान कॉलिन्स और लिसा मर्कोव्स्की दोमात्र ने भी वोट किया। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों को इस बात का डर है कि काश पटेल पद संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प के आदेशों का पालन करेंगे और उनके विरोधियों को निशाना बनाएंगे। मंजूरी मिलने के बाद पटेल ने राष्ट्रपति ट्रम्प और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। सीनेट से मंजूरी के बाद पटेल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की। इस पोस्ट में उन्होंने कहा कि एफबीआइ अमेरिकियों को नुकसान पहुंचाने वालों का इस ग्रह के हर कोने में पीछा करेगी। पटेल ने इसे चेतावनी की तरह लेने के लिए कहा। काश पटेल भारतीय प्रवासी के बेटे हैं। उनका जन्म एक गुजराती परिवार में हुआ था। काश पटेल के माता-पिता युगांडा के शासक ईदी अमीन के देश छोड़ने के फरमान से डरकर 1970 के दशक में भागकर कनाडा के रास्ते अमेरिका पहुंचे थे। 1988 में पटेल के पिता को अमेरिका की नागरिकता मिलने के बाद एक एरोप्लेन कंपनी में नौकरी मिली। 2004 में कानून की डिग्री हासिल करने के बाद जब पटेल को किसी बड़ी लॉ फर्म में नौकरी नहीं मिली तो उन्होंने एक सरकारी वकील के तौर पर काम करना शुरू कर दिया। हालांकि, ड्रीम जॉब के लिए उन्हें 9 साल तक इंतजार करना पड़ा। काश पटेल 2013 में वॉशिंगटन में न्याय विभाग में शामिल हुए। यहां तीन साल बाद 2016 में पटेल को खुफिया मामले से जुड़ी एक स्थायी समिति में कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया। इस विभाग के चीफ डेविड नून्स थे, जो ट्रम्प के कट्टर सहयोगी थे। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति रहने के दौरान ट्रम्प ने 2019 में जो बाइडेन के बेटे के बारे में जानकारी जुटाने के लिए यूक्रेन पर दबाव बनाया था। इस वजह से विपक्ष उन पर नाराज हो गया। किसी कानूनी पचड़े से बचने के लिए ट्रम्प ने इस मामले में मदद के लिए सलाहकारों की एक टीम बनाई। इसमें काश पटेल का भी नाम था। तब उनका नाम देख हर किसी को हैरानी हुई थी। काश पटेल 2019 में ट्रम्प प्रशासन से जुड़ने के बाद तरक्की की सीढ़ियां चढ़ते गए। ट्रम्प प्रशासन में वे सिर्फ 1 साल 8 महीने रहे, लेकिन सबकी नजरों में आ गए। मैगजीन द अटलांटिक की एक रिपोर्ट में पटेल को ट्रम्प के लिए कुछ भी करने वाला शख्स बताया गया है। ट्रम्प प्रशासन में जहां पहले से लगभग सभी लोग ट्रम्प के वफादार थे, वहां भी उन्हें ट्रम्प के सबसे वफादार लोगों में गिना जाने लगा था। यही वजह है कि कई अधिकारी उनसे डरते थे। काश पटेल नेशनल इंटेलिजेंस के डायरेक्टर के सीनियर एडवाइजर के तौर पर काम कर चुके हैं। इस दौरान वे 17 खुफिया एजेंसियों का कामकाज देखते थे।

# हमास ने इजराइल को गलत शव सौंपा

## इजराइली सेना का दावा- दोनों बच्चों के शवों की पहचान हुई, पर तीसरी बॉडी उनकी मां की नहीं

एजेंसी

गाजा, फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने गुरुवार को 4 इजराइली बंधकों के शव लौटाए थे। हमास के मुताबिक इनमें से तीन शव दो बच्चों और उनकी मां शिरी बिबास के थे। इसे लेकर इजराइली सेना ने शुक्रवार को दावा किया है कि हमास ने शिरी बिबास का शव नहीं लौटाया है। उनकी जगह किसी और का शव सौंपा गया है। हालांकि, दोनों बच्चों के शवों की पहचान हो गई है। दोनों बच्चों- एरियल और केफिर बिबास के



शवों की पहचान इजराइली पुलिस और बच्चों के परिवार की मदद से नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक मेडिसिन ने की थी। फॉरेंसिक रिपोर्ट के मुताबिक बच्चों की मौत हमास की कैद में नवंबर 2023 में हुई थी। इजराइली सेना ने कहा कि ऐसा करके हमास ने बंधकों की रिहाई के समझौते का उल्लंघन किया है। हमारी मांग है कि हमास शिरी बिबास का शव लौटाए। इजराइल के इस दावे को लेकर हमास ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। केफिर हमास की कैद में सबसे कम उम्र का बंधक था केफिर को जब बंधक बनाया गया उस वक्त उसकी उम्र सिर्फ 9 महीने थी। तब वह हमास के कब्जे में सबसे कम उम्र का बंधक था। हमास ने नवंबर 2023 में दावा किया था कि शिरी और उनके दोनों बच्चों की इजराइली बमबारी में मौत हो चुकी है। हमास ने तब एक वीडियो भी जारी किया था जिसमें यार्डेन बिबास अपने परिजनों की मौत का जिम्मेदार इजराइली पीएम नेतन्याहू को बता रहे थे। हालांकि, इजराइल ने कभी भी हमास के इस दावे को नहीं माना। एक इजराइली अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि मृतक बंधकों का नाम घोषित करने से पहले इजराइल में उनकी पहचान की जाएगी। इन शवों की फोरेंसिक जांच के लिए तेल अवीव के अबू कबीर इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक मेडिसिन ले जाया जाएगा।

# तमिल शास्त्रीय भाषा, दूसरी भाषाओं की मदद के बिना स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता रखती है: एम के स्टालिन



एजेंसी

**एम के स्टालिन ने कहा कि मातृन केवल उत्कृष्ट पुरातनकालीन है, बल्कि यह एक शास्त्रीय है जिसमें अन्य भाषाओं की मदद के बिना स्वतंत्र रूप से कार्य करने की शक्ति है। अंतरराष्ट्रीय मातृदिवस पर अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने की विशिष्टता पर जोर दिया और कहा कि तमिल किसी भी से कम नहीं है।**

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि मातृन केवल उत्कृष्ट पुरातनकालीन है, बल्कि यह एक शास्त्रीय है जिसमें अन्य भाषाओं की मदद के बिना स्वतंत्र रूप से कार्य करने की शक्ति है। अंतरराष्ट्रीय मातृदिवस पर अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने की विशिष्टता पर जोर दिया और कहा कि तमिल किसी भी से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में पुरातात्विक उत्खनन प्राचीन तमिलों के इतिहास की महानता को स्थापित कर रहे हैं, जिनकी मातृन केवल उत्कृष्ट प्राचीन है, बल्कि एक शास्त्रीय भी है जिसमें अन्य भाषाओं की मदद के बिना स्वतंत्र रूप से कार्य करने की शक्ति है। स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारी अनूठी शास्त्रीय पूरी दुनिया में फैले! अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय मातृदिवस पर, जिसमें भाषाई और सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाया जाता है, हम हमेशा अपनी मातृतमिल और सभी भाषाओं का और समानता के साथ हमारी बोलने वालों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। पलानीस्वामी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि साथ ही तमिलों पर कोई दूसरी थोपने की कोशिशों को नाकाम किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने मातृ में ही बुनियादी शिक्षा प्रदान करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि केंद्र की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में पांचवीं कक्षा तक की बुनियादी शिक्षा मातृमें प्रदान करने पर जोर दिया गया है। अन्नामलाई ने एक्स पर कहा, आज की डिजिटल दुनिया में भाषाओं को जोड़ना और कई भाषाओं को सीखने के अवसर पैदा करना जरूरी है। आइए, हम अपनी मातृतमिल के आधार पर कई भाषाएं सीखें। आइए, हम तमिल की महिमा को दुनिया के सामने लाएं।

# भारत ने बांग्लादेश को दिया कड़ा संदेश, 'आतंकवाद को सामान्य न बनाए'

## बांग्लादेशी मीडिया के दावा किया कि चर्चा के दौरान प्रोफेसर यूनुस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित मुलाकात पर भी बात हुई.

**चीन पर कटाक्ष करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि जबरदस्ती की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए और बहुपक्षीयता पर जोर देते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक एजेंडे को कुछ लोगों के हितों तक सीमित नहीं किया जा सकता।**

एजेंसी



नई दिल्ली : विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन से दो टूक शब्दों में कहा था कि ढाका आतंकवाद को सामान्य न बनने दे. विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह खुलासा किया. दोनों नेताओ की मुलाकात इस सप्ताह की शुरूआत में मस्कट में हुई थी.बैठक के बाद जयशंकर कहा था कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार के साथ बातचीत द्विपक्षीय संबंधों और बिम्सटेक पर केंद्रित थी. वहीं बांग्लादेशी पक्ष ने कहा हुसैन ने सार्क स्थायी समिति की बैठक आयोजित करने के महत्व पर प्रकाश डाला और भारत सरकार से इस मामले पर विचार करने का आग्रह किया.बता दें विदेश मंत्री ने 16 फरवरी को मस्कट में हिंद महासागर सम्मेलन के दौरान बांग्लादेश सहित पड़ोसी देशों के अपने समकक्षों के साथ कई बैठकें की थीं. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, इस बारे में कि क्या सार्क पर चर्चा हुई या नहीं...हां, यह मामला बांग्लादेश की ओर से उठाया गया था, जब विदेश मंत्री ने मस्कट में ढाका के विदेश सलाहकार से मुलाकात की थी. यह स्वीकार किया गया कि दक्षिण एशिया में हर कोई जानता है कि कौन सा देश और कौन सी गतिविधियां सार्क को बाधित करने के लिए जिम्मेदार हैं. विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह आतंकवाद को सामान्य न बनाए.₹मस्कट बैठक को लेकर बांग्लादेशी मीडिया के दावा किया कि चर्चा के दौरान प्रोफेसर यूनुस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित मुलाकात पर भी बात हुई. बांग्लादेशी मीडिया के मुतबिक बातचीत के दौरान अप्रैल में बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच एक बैठक आयोजित करने का विषय भी उठा.बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल' (बिम्सटेक) का छठा शिखर सम्मेलन इस साल के अंत में 2-4 अप्रैल को थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित होने वाला है. बता दें बांग्लादेश शिखर सम्मेलन में बिम्सटेक के अगले अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेगा. मस्कट से पहले विदेश मंत्री जयशंकर और हुसैन की पिछली मुलाकात सितंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान हुई थी। यह मुलाकात अगस्त 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद भारत और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के बीच पहली उच्च स्तरीय बातचीत थी.

### भारत सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा और कल्याण को उच्च प्राथमिकता देता है: विदेश मंत्रालय

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह ओडिशा के एक संस्थान में हाल में एक नेपाली छात्रा की मौत से बहुत दुखी है और उसने कहा कि वह देश में सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा और कल्याण को उच्च प्राथमिकता देती हैभुवनेश्वर स्थित निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के आईआईटी में हुई।


अधिसूचना
वॉक इन इंटरव्यू
जगजीवनराम अस्पताल में, 04.03.2025
को वरिष्ठ निवासी पद के लिए

स्थान - 7वीं मंजिल, सभागार, जगजीवनराम अस्पताल,
मराठा मंदिर मार्ग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008

**पंजीकरण समय: सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक,** कमरा नंबर 22, तल मंजिल, स्थापना कार्यालय, जगजीवनराम अस्पताल, निर्धारित समय के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

विभागानुसार रिक्तियां:

| क्र. सं. | विभाग | रिक्ति |
|---|---|---|
| 1 | सीवीटीएस मेडिसिन | 2 |
| 2 | सीवीटीएस सर्जरी | 2 |
| 3 | सीवीटीएस एनेस्थीसिया | 2 |
| 4 | जनरल मेडिसिन | 2 |
| 5 | जनरल सर्जरी | 2 |
| 6 | जनरल एनेस्थीसिया | 1 |
| 7 | जीआई. सर्जरी | 1 |
| 8 | बाल रोग | 1 |
| | कुल | 13 |

**आरक्षण: अनारक्षित-04, अनुसूचित जाति-02, अनुसूचित जनजाति-01, अन्य पिछड़ा वर्ग-05, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-01 = कुल - 13**

- आयु सीमा: अधिसूचना की तिथि के अनुसार 45 वर्ष.
- संबंधित विशेषज्ञता में राज्य/केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री/एमडी-डीएनबी या डिप्लोमा
- **पारिश्रमिक:** 1,35,000/- रुपये प्रति माह (लगभग)

**टिप्पणियां** : यदि अधिक संख्या में उम्मीदवार वॉक इन इंटरव्यू के लिए उपस्थित होते हैं, तो साक्षात्कार प्रक्रिया अगले कार्य दिवस पर भी जारी रहेगी. • चयन वॉक इन इंटरव्यू प्रक्रिया के माध्यम से होगा.

सभी दस्तावेजों को मूल रूप में वॉक इन इंटरव्यू के समय प्रस्तुत करना होगा, साथ ही उनकी सत्यापित प्रतियां उचित रूप से व्यवस्थित और स्टेपल की हुई होनी चाहिए. वॉक इन इंटरव्यू के लिए कोई अन्य सूचना अलग से नहीं दी जाएगी. • अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग नॉन क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र केंद्र सरकार के प्रारूप में होना चाहिए और ओबीसी-एनसीएल प्रमाण पत्र वर्ष 2024 तक अद्यतन होना चाहिए. • ऊपर दर्शाई गई रिक्तियां परिवर्तित हो सकती हैं और यहां दर्शाए गए पदों को रेलवे प्रशासन के विवेक पर रिक्त रखा जा सकता है. • बाद के वॉक इन इंटरव्यू हर महीने के 3रे गुरुवार को आयोजित किए जाएंगे, जब तक रिक्तियां भर नहीं जातीं. • अधिक जानकारी के लिए **wr.indianrailways.gov.in** पर समाचार और भर्ती अनुभाग के अंतर्गत जाएं. कृपया उपरोक्त वेबसाइट से डाउनलोड किए गए तथा भरे हुए आवेदन पत्र के साथ दो हालिया पासपोर्ट आकार की तस्वीरें लाएं. • जगजीवनराम अस्पताल, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008 के वरिष्ठ निवासी डॉक्टरों के पद डीएमईआर, महाराष्ट्र सरकार पोस्ट यूजी/पीजी सेवा बॉन्ड के लिए मान्यता प्राप्त हैं.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
1103
Like us on: facebook.com/WesternRly | Follow us on: twitter.com/WesternRly


# पाकिस्तान को अवैध रूप से दवाएं निर्यात करने पर ईडी ने तेलंगाना की फार्मा कंपनी की संपत्ति जब्त की

एजेंसी

नई दिल्ली: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने धन शोधन निरोधक कानून के तहत तेलंगाना स्थित एक दवा कंपनी की पांच करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है. कंपनी पर पाकिस्तान को अवैध रूप से 18,000 किलोग्राम से अधिक दवाइयां निर्यात करने का आरोप है.राज्य के संगारेड्डी जिले में स्थित कंपनी 'ल्यूसेंट ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड' के खिलाफ बुधवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अंतरिम आदेश जारी किया गया था. संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों में कंपनी की जमीन, इमारत और फैक्टरी परिसर शामिल हैं और इनकी कीमत करीब 5.67 करोड़ रुपये है.ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया के लिए कंपनी या उसके निदेशकों से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका. ईडी ने कहा कि धन शोधन का मामला स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा कंपनी के खिलाफ 'ट्रामाडोल' दवा के अवैध निर्यात और विभिन्न निर्यात प्राधिकरणों से संबंधित दस्तावेजों की जालसाजी के लिए दर्ज की गई शिकायत पर आधारित है.


पश्चिम रेलवे
गति शक्ति मल्टी-मोडल कार्गो टर्मिनल का विकास

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) मुंबई सेंट्रल मंडल पश्चिम रेलवे डीआरएम कार्यालय, तल मंजिल, मुंबई सेंट्रल – 400 008 द्वारा **ई-निविदा क्र. : डब्ल्यूआर-एमएमसीटी0सीओएमएम (सीजीजीसी)/3/2023/421481, दिनांक : 20.02.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : एचओएल जमीन पर जीएसटी नीति अंतर्गत गति शक्ति मल्टी-मोडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का विकास. **ई-निविदा दस्तावेज का शुल्क (अप्रतिदेय एवं अहस्तांतरणीय)** : रु. 10,000/-, **ईएमडी** : रु. 1,78,38,400/-, **ई-निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** : 18.03.2025 को 15.00 बजे ऑनलाइन के जरिए. **ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय** : 18.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 1102

Like us on: facebook.com/WesternRly

# विभिन्न पर्व

| पौष पूर्णिमा | मकर संक्रांत | मौनी आमावश्या | बसंत पंचमी | माघी पूर्णिमा | महा शिवरात्री |
|---|---|---|---|---|---|
| 13/01/2025 | 14/01/2025 | 29/01/2025 | 03/02/2025 | 12/02/2025 | 26/02/2025 |

## संक्षेप

### जेल में महाकुंभ का पवित्र जल पहुंचा

**1057 कैदियों ने किया अमृत स्नान, जल्द रिहाई के लिए की प्रार्थना**

सुलतानपुर, जिला कारागार में एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। महाकुंभ के पवित्र संगम जल से 1057 बंदियों ने अमृत स्नान किया। कारागार अधीक्षक प्रांजिल अरविंद ने इस आयोजन के लिए विशेष व्यवस्था की। प्रयागराज से लाए गए पवित्र संगम जल को एक बड़े कलश में सुरक्षित रखा गया। इसके लिए एक विशेष कुंड का निर्माण किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की गई। इसके बाद पवित्र जल को कुंड में प्रवाहित किया गया। जेल के सभी बैरकों में सुंदरकांड का पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महिला बैरक में भी कैदियों में उत्साह देखा गया। स्नान के बाद सभी बंदियों ने देश, समाज और परिवार की कुशलता की प्रार्थना की। यह कार्यक्रम प्रदेश की सभी जेलों में आयोजित किया जा रहा है। बंदियों ने जेल से रिहा होने के बाद एक अच्छे नागरिक बनने की शपथ भी ली। उन्होंने समाज की मुख्य धारा से जुड़कर सम्मानजनक जीवन जीने का संकल्प लिया।

### नहर के पास मिला युवक का शव

बांदा, मरका थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों को नहर के पास एक लाल रंग का बोरा दिखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से सभी जरूरी साक्ष्य एकत्र किए। शव की स्थिति से अनुमान लगाया जा रहा है कि व्यक्ति की मौत करीब तीन से चार दिन पहले हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। व्यक्ति की पहचान के लिए पुलिस ने कई कदम उठाए हैं। आसपास के गांवों में व्यक्ति की फोटो लगवाई गई है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी जानकारी साझा की गई है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

### पड़ोसियों से मारपीट के बाद युवक ने दी जान

**बांदा के मजदूर ने घर में लगाया फंदा, सुबह मां को मिली लाश**

बांदा, जसपुरा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। नई बस्ती मोहल्ले में रहने वाले 24 वर्षीय पीतांबर ने रात को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता रामनरेश ने बताया कि शाम को एक मामूली विवाद में पड़ोसियों ने उनके बेटे की पिटाई कर दी थी। इसी बात से क्षुब्ध होकर पीतांबर ने रात में कमरे में लगे छत के छल्ले से बिजली की केबिल से फंदा लगा लिया। सुबह परिजनों को इसकी जानकारी हुई। पीतांबर तीन बहन और दो भाइयों में सबसे छोटा था। वह अविवाहित था और गांव में रहकर मजदूरी का काम करता था। उसके पिता भी मजदूरी करते हैं। घटना की सूचना मिलने पर फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जसपुरा थाना प्रभारी मोनी निषाद के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

# महाकुंभ में वीकेंड पर भीड़: लोग 10 किमी तक पैदल चल रहे

**मेले के अंदर बैरिकेडिंग; प्रयागराज में 24 फरवरी को बोर्ड एग्जाम नहीं**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, महाकुंभ में आखिरी वीकेंड पर प्रयागराज में एंट्री पॉइंट से लेकर शहर के अंदर तक भीषण जाम लग गया है। लोगों को 500 मीटर की दूरी तय करने में करीब दो घंटे का समय लग रहा है। प्रयागराज पहुंचने वाली गाड़ियों को संगम से 10किमी पहले रोका जा रहा है। उसके बाद की दूरी लोगों को पैदल ही तय करनी पड़ रही है। दूसरी ओर वीआईपी की गाड़ियां अरैल घाट तक जा रही हैं। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अफसरों से कहा था कि ऐसी व्यवस्था बनाएं कि श्रद्धालुओं को कम




से कम पैदल चलना पड़े, लेकिन इसका असर दिखाई नहीं दिया। इस बीच शहर में जाम की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने फैसला लिया है कि 24 फरवरी को 10वीं-12वीं के बोर्ड एग्जाम नहीं कराए जाएंगे। अभी नई तारीख का ऐलान नहीं किया गया है। महाकुंभ का आज 40वां दिन है। मेला खत्म होने के 5 दिन और बचे हैं। शाम 6 बजे तक 1.16 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया। अब तक करीब 58.87 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

भीड़ के चलते प्रयागराज में स्कूलों में 8वीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन लगेंगी। प्रयागराज आने-जाने वाली 8 ट्रेनें 28 फरवरी तक रद्द कर दी गई हैं। 4 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। प्रयागराज में रजिस्टर्ड (यूपी- 70) गाड़ियों को ही शहर में एंट्री दी जा रही है।

# महाकुम्भ : गंगा जल को लेकर केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की रिपोर्ट पर वैज्ञानिकों ने उठाए सवाल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

महाकुम्भ नगर : महाकुम्भ में एक ओर देश-दुनिया के करोड़ों भक्त रोजाना त्रिवेणी संगम के पवित्र जल में स्नान करके खुद को धन्य मान रहे हैं, वहीं हाल ही में आई केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की एक रिपोर्ट ने लोगों के मन में संदेह पैदा कर दिया था। इसी संदेह को देखते हुए देश के प्रख्यात वैज्ञानिक गंगा जल में स्नान को लेकर आई रिपोर्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एक तरफ उसे अपूर्ण बता रहे हैं, वहीं दूसरी ओर रिपोर्ट के अंशों को गलत ढंग के प्रसारित करने का संदेह जता रहे हैं। वैज्ञानिकों ने यह भी कहा कि नाइट्रेट और फॉस्फेट जैसे तत्वों का रिपोर्ट में उल्लेख नहीं है जो इसे अपूर्ण बनाती है। ऐसे में, केवल इस रिपोर्ट के आधार पर गंगा जल की गुणवत्ता पर सवाल उठाना ठीक नहीं रहेगा। वैज्ञानिकों ने संगम के जल को स्नान योग्य बताया है। शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू



विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान स्कूल के सहायक प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार मिश्रा, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान केंद्र के प्रोफेसर उमेश कुमार सिंह तथा दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर आरके रंजन ने एकमत स्वर में कहा कि मौजूदा रिपोर्ट के आधार पर भी गंगा जल क्षारीय है, जो कि स्वस्थ जल निकाय का संकेत है। जल में घुलनशील ऑक्सीजन की मात्रा के आधार पर इसे स्नान योग्य ही माना जाएगा। प्रयागराज के पानी में फेकल बैक्टीरिया के संदूषण की रिपोर्ट पर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान स्कूल के सहायक प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि हमें और अधिक डाटा सेट की आवश्यकता है। महाकुम्भ में बहुत बड़ी संख्या में लोग स्नान कर रहे हैं। अगर आप कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की बात करें, तो यह कोई नई बात नहीं है।

# अयोध्या मंडल के उपनिदेशक का ग्राम सभा दौरा

- आजादपुर खारा में विकास कार्यों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

तिलोई, अयोध्या मंडल के उपनिदेशक अरविंद कुमार ने तिलोई अमेठी ब्लॉक स्थित ग्राम सभा आजादपुर खारा का दौरा किया। उन्होंने विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। उपनिदेशक ने पंचायत भवनों, सौंदर्यीकरण किए गए तालाबों और सड़कों का निरीक्षण किया। साथ ही शौचालय, गोबर गैस प्लांट, हैंड पंप, सोकता गड्ढा और आरआरसी सेंटर की स्थिति भी देखी। पंचायत भवन में सरकारी दस्तावेजों के रखरखाव की जांच की। इंटरलॉकिंग सड़कों और भवनों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आईसीसी सेंटर पर गांव के गोबर से खाद बनाने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों को खुले में शौच न करने के प्रति जागरूक करने को कहा। इस दौरान राजेश कुमार, लालचंद सरोज, मोहम्मद फकीर उर्फ मिस्टर और अखलेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




# वकीलों का एडवोकेट एक्ट

**राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, भाजपा मुदार्बाद के लगे नारे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर सुल्तानपुर के अधिवक्ताओं ने एडवोकेट एक्ट में किए गए संशोधन का विरोध किया। जिला अधिवक्ता संघ के बार अध्यक्ष रणजीत सिंह त्रिसुंडी के नेतृत्व में वकीलों ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव शुक्ल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने छह प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करना, परिषदों का लोकतांत्रिक स्वरूप बनाए रखना और अधिवक्ताओं के लिए 10 लाख रुपए का मेडिक्लेम एवं बीमा राशि शामिल है। साथ ही पंजीकरण शुल्क की वापसी, वकीलों के कल्याण के लिए स्टांप शुल्क का 2 प्रतिशत उपयोग और अधिवक्ता संशोधन बिल-




2025 की वापसी की मांग की गई है। कादीपुर, बल्दीराय, जयसिंहपुर और लंभुआ तहसील में भी अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। बल्दीराय में न्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह के नेतृत्व में विधि मंत्री को संबोधित ज्ञापन पूर्ति निरीक्षक निर्भय सिंह को सौंपा गया। अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर तहसील परिसर से पटेल चौक होते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च किया। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# रोडवेज बस और स्कॉर्पियो में टक्कर, 1 की मौत

- अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर हादसा, 6 घायल; दो की हालत नाजुक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर बीती रात एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। कूरेभार थाना क्षेत्र के पटना चौराहे के पास रात करीब 1 बजे बस्ती डिपो की रोडवेज बस और एक स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो में सवार 30 वर्षीय सोनू साहू की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दिनेश साहू का पुत्र था। दुर्घटना में 6 अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों में मृतक के पिता दिनेश साहू (54) भी शामिल हैं। अन्य घायलों में प्रदीप साहू की पत्नी अंजू (50), नित्यानंद की पत्नी कौशिल्या देवी (35), अजय कुमार की पत्नी उर्वशी (35), अशोक साहू (40) और प्रदीप साहू (55) हैं। इनमें से अशोक साहू और प्रदीप साहू की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम को भेजा शव हादसे में शामिल बस बस्ती डिपो की है, जिसका



नंबर यूपी 78 जीटी 8790 है। एसओ कूरेभार शारदेंदु दुबे ने घटना की पुष्टि की है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायलों का इलाज जारी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वकीलों का विरोध प्रदर्शन

**अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल के खिलाफ प्रतियां जलाईं, 28 फरवरी तक अल्टीमेटम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल 2025 के विरोध में वकीलों ने बिल की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव मूर्ति तिवारी और सचिव भूपेंद्र शुक्ला ने इस बिल को अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता पर हमला बताया। उन्होंने सरकार से बिल वापस लेने की मांग की। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के निर्देश पर 25 फरवरी से सभी उपनिबंधक कार्यालयों में दस्तावेज लेखन रोका जाएगा। वकीलों ने चेतावनी दी है कि अगर 28 फरवरी तक सरकार ने बिल वापस नहीं लिया तो व्यापक आंदोलन




किया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल सैकड़ों अधिवक्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेशव्यापी हड़ताल की जाएगी। इससे न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप हो जाएंगे। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने सरकार से अपील की है कि वकीलों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस विधेयक को तुरंत रद्द किया जाए।

# डंपर की टक्कर से युवक की मौत

**क्रेशर पर था रसोइया; गाड़ी छोड़कर ड्राइवर फरार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, चरखी दादरी जिले के गांव कलियाणा के समीप डंपर की चपेट में आने से यूपी के रहने वाले युवक की मौत हो गई। घटना के बाद डंपर ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर चरखी दादरी सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवाया। जहां शुक्रवार को शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों सौंप दिया। पुलिस को दिए बयान में यूपी के बांदा जिला के हस्तम निवासी विष्णु ने बताया कि उसका भाई विरेंद कलियाणा जोन में स्टोन क्रेशर पर काम करता था। वह बाइक पर सवार होकर गांव कलियाणा से क्रेशर



की और जा रहा था। उसी दौरान एक तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। डंपर ड्राइवर गाड़ी को छोड़कर मौके से भाग गया। सूचना मिलने पर झोझू कलां थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर चरखी दादरी सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवाया। शुक्रवार को पुलिस ने सिविल अस्पताल पहुंचकर कागजी कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। शव का पोस्टमॉर्टम करवाने चरखी दादरी सिविल अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि 26 वर्षीय विरेंद अविवाहित था। वह क्रेशर खाना बनाने का काम करता था। वह करीब 4-5 महीने पहले ही यहां आया था। चरखी दादरी सिविल अस्पताल पहुंचे जांच अधिकारी एएसआई सुनिल कुमार ने बताया कि डंपर की टक्कर से बाइक सवार यूपी निवासी युवक की मौत हुई है।

# अगौना में ग्राम प्रधान उपचुनाव का परिणाम

**अयोध्या प्रसाद ने 36 वोटों के अंतर से जीती सीट, समर्थकों ने मनाया जश्न**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, तिलोई ब्लॉक स्थित अगौना में ग्राम प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव में अयोध्या प्रसाद ने जीत हासिल की है। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी राजकुमारी को 36 वोटों के अंतर से पराजित किया। यह उपचुनाव पूर्व ग्राम प्रधान गयादीन के निधन के बाद कराया गया था। 19 तारीख को हुए मतदान में कुल 2077 मतदाताओं में से 1453 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ब्लॉक परिसर में हुई मतगणना में अयोध्या प्रसाद को 724 वोट मिले, जबकि राजकुमारी को 688 वोट प्राप्त हुए। तिलोई के तहसीलदार अभिषेक यादव ने अयोध्या प्रसाद को विजयी घोषित किया। चुनाव में खड़े अन्य चार प्रत्याशी अपना खाता भी नहीं खोल पाए। संदीप शुक्ला समर्थित प्रधान की जीत से पूरी ग्राम सभा में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने नवनिर्वाचित प्रधान और संदीप शुक्ला का फूलमालाओं से स्वागत किया।

# व्यापार संगठन को मिली नई टीम

**जिलाध्यक्ष ने नए पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अमेठी कार्यालय में जगदीशपुर बाजार व्यापार संगठन के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई। सगीर अहमद को बाजार अध्यक्ष बनाया गया है। एराफ अहमद को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। हंसराज को कोषाध्यक्ष और आसिफ खान को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल ने सभी नए पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी व्यापारियों के हितों की रक्षा करें। साथ ही संगठन को मजबूत बनाएं।

# बारात में आए युवक की मौत

**नाले के पास मिला 30 साल के युवक का शव, परिवार का अकेला बेटा था**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, जिले के नरैनी कस्बे में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। दोस्त की बारात में आए 30 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान अतर्रा कस्बे के लाल थोक मोहल्ले निवासी दुर्गेश तिवारी के रूप में हुई है। दुर्गेश अपने दोस्त पप्पू की बारात में शामिल होने 20 फरवरी को नरैनी कस्बे के देविन नगर आया था। वह रात भर शादी की रस्मों में शामिल रहा। सुबह उसका शव देविन नगर मोहल्ले में नाली के पास पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, प्राथमिक जांच में शराब के नशे में गिरकर मौत होने की आशंका है। मृतक के नाक और कान के पास गहरे चोट के निशान मिले हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।